# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 27.11.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

## 1- नाबालिग लड़की के साथ मारपीट, दुष्कर्म करने, व जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार थाना बिलारीः-



अवगत कराना है कि दिनांक 12.11.2024 को वादिनी निवासनी थाना बिलारी क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपी द्वारा वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ जातिसूचक शब्दो का प्रयोग कर गाली-गलौच, मारपीट, दुष्कर्म करने, व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना बिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0- 721/2024 धारा-64(1)/115(2)/352/351(2) बीएनएस, 3/4 पॉक्सो एक्ट व 2(3)(V) एससी /एसटी एक्ट बनाम राजेश पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 27.11.2024 को उ0नि0 महेश पाल मलिक थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपी राजेश पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम मधुपुरी थाना सैफनी जनपद रामपुर को गिरफ्तार किया गया।अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 2-सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 09 आरोपीगण गिरफ्तार थाना मुगलपुराः-




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अपराधो में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 27.11.2024 को थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये 09 अभियुक्तगण 1. हिमांशु कपूर पुत्र रवि कपूर निवासी मौ0 अताई मण्डी चौक थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद, 2. शमी पुत्र अली हुसैन निवासी मौ0 रहमत नगर करूला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, 3. शिवम कुमार पुत्र नीरज कुमार निवासी मौ0 दिनदारपुरा थाना कोतवाली जनपद मुरादाबाद, 4. शुभम टन्डन पुत्र राकेश टंडन निवासी मण्डी चौक थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद, 5. कुलदीप टन्डन पुत्र ओमकार टन्डन निवासी मण्डी चौक थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद, 6. मौ0 इकरार पुत्र जुल्फकार हुसैन निवासी मौ0 पीर का बाजार करूला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 7. दीपक टन्डन पुत्र स्व0 मूलचन्द टन्डन निवासी मण्डी चौक थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद, 8.सजल सिहं पुत्र नीरज कुमार सिहं निवासी मौ0 दिनदारपुरा थाना कोतवाली जनपद मुरादाबाद, 9. बाँबी उर्फ राजेश पुत्र कन्हैयालाल द्विवेदी निवासी मौ0 गुजराती फैजगंज थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। मौके से 52 पत्ते ताश व माल फड एक लाख रूपये व जामा तलाशी पच्पन हजार रूपये बरामद हुये। एक अभियुक्त अभिषेक रस्तोगी उर्फ विक्की निवासी मौ0 गणेश फैजगंज थाना मुगलपुरा मुरादाबाद मौके से भाग गया। इस संबंध में थाना मुगलपुरा पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 269/2024 धारा- 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाहि प्रचलित है।

### गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1-उ0नि0 श्री ब्रजपाल सिहं थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद

2-उ0नि0 मजहर रिहान थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद

3-हे0कां0 आशीष कुमार थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद

4-कां0 अंकित कुमार थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद

5-कां0 जितेन्द्र कुमार थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद

6-कां0 प्रदीप कुमार थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद।

## 3-नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-




अवगत कराना है कि दिनांक 22.10.2024 को वादी निवासी पीतलनगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद ने आरोपीगण द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री के साथ छेडछाड व दुष्कर्म करने के संबंध में थाना कटघर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 624/2024 धारा- 74/65(1) बीएनएस – 2023, 4(2) पोक्सो एक्ट व 7/8 पोक्सो एक्ट बनाम रिंकू आदि 02 नफर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 27.11.2024 को निरीक्षक अपराध विनोद कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त रिंकू पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम पाडली बाजे थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। बयानो/साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-74/65(1) बीएनएस – 2023 व 4(2) पोक्सो एक्ट व 7/8 पोक्सो एक्ट का विलोपन किया गया तथा धारा- 70(2) बीएनएस – 2023 व 5g/6 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 4-अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, अवैध शस्त्र निर्माण/तस्करी की रोकथाम व अवैध शस्त्र धारको की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 26.11.2024 की रात्रि को उ0नि0 योगेश कुमार मलिक थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त तन्जीम उर्फ भूरा पुत्र मौ0 सलीम उर्फ बब्बू निवासी जयन्तीपुर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को 01 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर अभियुक्त तन्जीम उर्फ भूरा उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 673/2024 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 5- हत्या करने की आरोपिता गिरफ्तार थाना कटघरः-



अवगत कराना है कि दिनांक 19.10.2024 को वादी राशीद पुत्र इशरत अली निवासी मौहल्ला बरवलान थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी के पुत्र उम्र करीब 04 वर्ष को मारकर रामगंगा नदी मे फैंक देने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 612/2024 धारा- 103(1)/238(क) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही व सीसीटीवी आदि साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्ता सामीया पत्नी राशीद निवासी मौहल्ला बरवलान थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद का नाम प्रकाश में आया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 27.11.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा अभियुक्ता सामीया उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## पूछताछ का विवरणः-

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अभियुक्ता सामीया ने बताया कि उसका किसी बात को लेकर अपने पति राशीद से झगडा हो गया था। कि झगडे की बात को लेकर गुस्से में आकर सामीया ने ही अपने 04 वर्षिय पुत्र की हत्या कर उसे रामगंगा नदी में फैक दिया था।

## गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1-प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
2-उ0नि0 विमल किशोर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
3-म0उ0नि0 कृष्णा दाहिमा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
4-म0कां0 नेहा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
5-कां0 भूपेन्द्र सिंह थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
6-हे0कां0 नितिन शर्मा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

**06- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 07 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 27.11.2024 को **थाना कटघर पुलिस** द्वारा आरोपी 1- सौरभ गोस्वामी पुत्र देवेन्द्र गोस्वामी निवासी पीतलनगरी थाना कटघर जिला मुरादाबाद तथा **थाना सोनकपुर पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1-1-रणवीर उर्फ भूरे पुत्र छत्रपाल, 2- मुकेश पुत्र बलवीर, 3-बलवीर पुत्र छत्रपाल, 4-संजय पुत्र सूरज समस्त निवासीगण लक्ष्मणपुर नगलिया थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद तथा **थाना भगतपुर पुलिस द्वारा** आरोपीगण 1. दलजीत पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रामपुर बलभद्र थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद, 2. मोनू कुमार पुत्र रामगोपाल सिंह निवासी ग्राम सत्तीखेडा थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।